# विपक्ष के गढ़ में भी हुआ 13 हजार करोड़ निवेश




**लखनऊ,विशेष संवाददाता।** राज्य के सभी क्षेत्रों पूरब, पश्चिम, मध्य और बुंदेलखंड में बराबर के निवेश लक्ष्य को हासिल करने में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी@4 कामयाब कही जा सकती है। वजह यह कि प्रदेश के ऐसे क्षेत्रों इटावा, एटा, मैनपुरी, फिरोजाबाद में भी निवेश हुआ है, जहां कभी निवेशक अपनी पूंजी लगाने में हिचकते थे।

इन जिलों को विपक्ष खासतौर पर सपा का गढ़ माना जाता है लेकिन योगी सरकार ने बिना भेदभाव इन जिलों में निवेश परियोजनाओं की शुरुआत कर संदेश देने की कोशिश की है कि सरकार की प्राथमिकता में पूरे प्रदेश का विकास है, न कि कुछ जिलों का।

इन परियोजनाओं के तहत इन जिलों में कुल 13,544 करोड़ रुपये का निवेश सुनिश्चित किया गया है, जिससे हजारों रोजगार के अवसर पैदा होंगे। जिलेवार निवेश परियोजनाओं और उनकी लागत का विश्लेषण करें तो सपा के गढ़ कन्नौज में 1082 करोड़ की लागत वाली कुल 100 निवेश परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया है। इटावा में 1170 करोड़ रुपये के निवेश वाली 87 परियोजनाओं का शुभारंभ हुआ है। एक और महत्वपूर्ण जिले एटा में 99 परियोजनाओं के माध्यम से सर्वाधिक 4034 करोड़ के निवेश हेतु भूमि पूजन संपन्न हुआ है। एटा में श्री सीमेंट 600 करोड़ से सीमेंट मैन्युफैक्चरिंग प्लांट लगा रहा है। ये प्लांट 35 एमटीपीए वार्षिक उत्पादन क्षमता के होंगे।

- **योगी सरकार ने बिना भेदभाव प्रत्येक जिले तक पहुंचाया निवेश**
- **एटा में श्री सीमेंट 600 करोड़ से सीमेंट प्लांट लगा रहा**

पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के संसदीय क्षेत्र मैनपुरी में भी योगी सरकार ने 1989 करोड़ रुपये की 111 निवेश परियोजनाओं की शुरुआत की है। औरैया में 1262 करोड़ की 127 निवेश परियोजनाओं का शुभारंभ हुआ है। यही नहीं, कासगंज में 32 निवेश परियोजनाएं के तहत 234 करोड़ का निवेश हो रहा है।